पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र भोपाल 3

PM Shri Kendriya Vidyalaya No.3 Bhopal(First shift)

शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्त संस्थान

सत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

Danish Nagar, Hoshangabad Road, Bhopal (M.P.)-462 026

Tel.No.: 0755 - 2926863 (P) KV Code : 1094, Station Code : 052

CBSE Aff. No.1000073,School Code: 54134,U-DISE Code: 23320302431

Website: https://no3bhopal.kvs.ac.in **E-mail :** kvno3bhopal@gmail.com

---

फा . 1094 KV.3 Bhopal/Adm/ 2025-26 Date:-14/05/2025

<u>अभिभावकों हेतु कक्षा 11 में प्रवेश संबंधित जानकारी (सत्र 2025-26)</u>

सभी आदरणीय अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र 3 भोपाल, जो कि केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय नई दिल्ली की शाखा है एवं भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आता है, में कक्षा 11 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है जिसके संबंध में महत्वपूर्ण बिंदु निम्नानुसार है

<u>केवल सत्र 2024-25 में केंद्रीय विद्यालय क्र 03 भोपाल एवं नजदीकी केन्द्रीय विद्यालय से अध्ययन कर कक्षा 10 उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों हेतु</u>

1. शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु कक्षा 11 में प्रवेश प्रक्रिया ऑफलाइन माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिसके लिए विकल्प पत्र / पंजीकरण प्रपत्र दिनांक 15/05/2025 से दिनांक 20/05/2025 तक जमा किया जा सकेगा एवं इसके अगले दिन अर्थात दिनांक 21/05/2025 को संकायवार प्रवेश हेतु योग्य पाए गए विद्यार्थियों की सूची जारी कर दी जाएगी ।
2. प्रवेश संबंधित विवरण तथा पंजीकरण फॉर्म विद्यालय से पूर्वान्ह 10:00 बजे से लेकर अपरान्ह 02:00 बजे के बीच प्राप्त एवं जमा किया जा सकता हैं एवं पंजीकरण फॉर्म विद्यालय की वेबसाइट https://no3bhopalshift2.kvs.ac.in से भी डाउनलोड किया जा सकता हैं
3. केन्द्रीय विद्यालय संगठन प्रवेश नियमावली 2025-26 द्वारा केंद्रीय विद्यालय से अध्ययन कर कक्षा 10 उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों के कक्षा 11 में प्रवेश हेतु अधिकतम संख्या 40 प्रति सेक्शन निर्धारित कर दी गयी है अतः प्रति सेक्शन अधिकतम 40 विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जायेगा |
4. केन्द्रीय विद्यालय संगठन प्रवेश नियमावली 2025-26 के अनुरूप खेल कूद स्काउट एंड गाइड / राष्ट्रीय केडेट कोर (NCC)/ साहसिक गतिविधियों में विभिन्न स्टारों पर भाग लेने वाले एवं अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति । अन्य पिछड़ा वर्ग (नोन क्रीमिलेयर) एवं दिव्यांग विद्यार्थियों को अंकों में नियमानुसार उन्नयन दिया जायेगा |
5. पंजीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची:
   कक्षा 10 वीं की digilocker वाली स्वप्रमाणित अंकसूची
   जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति ।
   खेल कूद स्काउट एंड गाइड / राष्ट्रीय केडेट कोर (NCC) / साहसिक गतिविधियों में प्रतिभागिता के प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति ।
6. केन्द्रीय विद्यालय संगठन प्रवेश नियमावली 2024-25 के अनुरुप विद्यार्थियों के कक्षा 11 में संकाय (विज्ञानं । वाणिज्य) का निर्धारण मेरिट एवं सम्बंधित संकाय में रिक्तता के आधार पर किया जायेगा |

केंद्रीय विद्यालय से अध्ययन कर कक्षा 10 उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों का प्रवेश संपन्न हो जाने के पश्चात रिक्तता रहने की स्थिति में ही अन्य विद्यालयों में अध्ययन कर कक्षा 10 उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों हेतु दिनांक 25/05/2025 को पृथक से विज्ञापन जारी किया जायेगा